भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 572
उत्तर देने की तारीख 05 फरवरी, 2020

ग्राम पंचायतों में ब्रॉडबैंड

572. श्री अनुभव मोहंतीः

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश की सभी ग्राम पंचायतों (जीपी) को इंटरनेट वाया ऑप्टिकल फाइबर केबल (ओएफसी) के माध्यम से जोड़कर उन्हें उच्च गति का ब्रॉडबैंड प्रदान करने का प्रस्ताव दिया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) देशभर के सभी जीपीएस को इंटरनेट के माध्यम से जोड़कर लक्ष्य प्राप्त करने के लिए सरकार द्वारा क्या मूल समय-सीमा निर्धारित की गई है;
(ग) उक्त परियोजना की वर्तमान स्थिति क्या है; और
(घ) क्या सरकार ने परियोजना के निष्पादन की समय-सीमा पुनः निर्धारित की है और इसे पूरा करने के लिए समय-सीमा में वृद्धि की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार, मानव संसाधन विकास तथा इलेक्ट्रॉनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री
(श्री संजय धोत्रे)

(क) से (ग): देश में सभी ग्राम पंचायतों (लगभग 2,50,000) में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराने के लिए चरणबद्ध तरीके से भारतनेट परियोजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस परियोजना के चरण-I में, ग्राम पंचायतों को ऑप्टिक्ल फाइबर केबल (ओएफसी) से जोड़ा गया है, जबकि इस परियोजना के चरण-II में, ग्राम पंचायतों को इष्टतम मीडिया मिश्रण (ओएफसी/रेडियो/सैटेलाइट) के माध्यम से जोड़ा जा रहा है।

दिनांक 24.01.2020 की सथिति के अनुसार, 4,08,926 किलोमीटर ओएफसी बिछाकर कुल 1,46,717 ग्राम पंचायतों को जोड़ा गया है, जिनमें से 1,32,993 ग्राम पंचायतों को सेवा के लिए तैयार किया गया है। इसके अतिरिक्त, 1255 ग्राम पंचायतों में सैटेलाइट मीडिया के जरिए कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई गई है।

मंत्रिमंडल द्वारा दिनांक 25.10.2011 को भारतनेट परियोजना (पूर्व में राष्ट्रीय ऑपटिक्ल फाइबर नेटवर्क के रूप में जानी जाने वाली) अनुमोदित की गई थी ताकि सभी ग्राम पंचायतों में दो वर्षों के अंदर ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी उपलब्ध कराई जा सके।

(घ): भारतनेट विशाल स्वरूप की परियोजना है और ग्राम पंचायतें देशभर में ग्रामीण और सदूर क्षेत्रों में व्यापक रूप से फैली हुई हैं। इस परियोजना का तेजी से कार्यान्वयन करने के लिए सभी तरह के प्रयास किए जा रहे हैं और मार्च 2020 तक कुल 2 लाख ग्राम पंचायतों का कार्य पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

******